पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-19 | बुधवार, दिनांक-23 मार्च, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.37 बजे अपराह्न तक ।

(1) **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 28 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न क्रमांक 'अ' 434 एवं 1525 क्रमशः सामान्य प्रशासन विभाग एवं लघु जल संसाधन विभाग को स्थानान्तरित ।

(iv) 10 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 140 तारांकित प्रश्न अनागत ।

''प्रश्नोत्तरकाल के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि झारखंड विधान सभा के माननीय अध्यक्ष अध्यक्षीय दीर्घा में बैठकर प्रश्नोत्तर काल देख रहे हैं ।''

(2) **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार

(ii) श्री पवन कुमार जायसवाल

(iii) श्री दिनेश कुमार सिंह

(iv) श्री राजकुमार राय

(v) डॉ० इजहार अहमद

(vi) श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन

(vii) श्री सत्यदेव सिंह

(viii) डॉ० फैयाज अहमद

(ix) श्री कृष्णनन्दन पासवान

(x) श्री जनक सिंह

(3) **अन्य चर्चाएँ :-**

माननीय सदस्य श्री श्रवण कुमार द्वारा सदन को सूचित किया गया कि गोपालगंज जिला के मीरगंज के व्यापारियों को असामाजिक तत्वों द्वारा रंगदारी देने के लिए धमकी दी जा रही है । वहाँ के व्यापारी दहशत में हैं । सरकार अविलम्ब उन असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करे ।

आसन से घोषणा की गयी कि सरकार इसे गंभीरता से लेगी ।

(4) ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों का सहकारिता विभाग / गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर 28.03.2011 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(ii) श्री रमेश ऋषिदेव एवं अन्य सभासदों का अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री रमेश ऋषिदेव द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 02.00 बजे अप० से 05.05 बजे अप० तक ।

(5) वित्तीय कार्य :-वित्तीय वर्ष 2010-11 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान :- गृह विभाग :-

विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री अख्तरूल इमान द्वारा गृह विभाग की मांग पर राज्य सरकार की गृह नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री अशोक कुमार सिंह

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री विनोद कुमार सिंह
(iii) श्री मनोहर प्रसाद सिंह
(iv) श्री कृष्णनंदन पासवान
(v) श्री अवधेश कुमार राय
(vi) श्री शालीग्राम यादव
(vii) श्री जनक सिंह
(viii) श्रीमती ज्योति रश्मि
(ix) श्रीमती पूनम देवी

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(x) श्री सोमप्रकाश सिंह
(xi) श्रीमती उषा विद्यार्थी
(xii) श्री विनय बिहारी

माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा गृह विभाग के अनुदान की मांग पर हुए वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

उत्तर के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण विरोध प्रकट करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री अख्तरूल इमान का कटौती प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ तथा गृह विभाग का अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

(6) निवेदन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 21 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक 24 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-23.03.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।